यह निरीक्षण प्रतिवेदन **जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक उधमसिंह नगर, उत्तराखंड**, द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार किया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय **जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक उधमसिंह नगर, उत्तराखंड,** के 03/2007 से 03/2018 तक के लेखा अभिलेखों पर निरीक्षण प्रतिवेदन जो श्री सुनील दत्त, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी एवं श्री जतिन राणा, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी (तदर्थ) द्वारा दिनांक 23-07-2018 से 26-07-2018 तक में सम्पादित किया गया।

**भाग-I**

**1. परिचयात्मकः** इकाई की विगत लेखापरीक्षा श्री बी. एस. चन्देल अनुभाग अधिकारी, श्री आई. के. जुयाल अनुभाग अधिकारी, श्री रणवीर सिंह लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 26-03-2007 से 02-04-2007 तक सम्पादित की गयी थी। जिसमें माह 12/2005 से 02/2007 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी थी। वर्तमान लेखापरीक्षा में माह 03/2007 से 03/2018 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

2. **इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्र**: सम्पूर्ण जिला उधमसिंह नगर है इकाई का क्रियाकलाप जिले के अंतर्गत शिक्षण कार्यों का क्रियान्वयन तथा वित्तीय एवं प्रशासनिक नियंत्रण रखना है।

(अ) वर्ष 2007-08 बजट आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः

*(₹ लाख मे)*

| **वर्ष** | **योजना का नाम** | **आवंटन ₹** | **व्यय ₹** | **व्यय अधिक्य (+)** | **बचत (-)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 2007-08 | 2202,02,101,03 | 5.48 | 1.52 | 0 | 3.96 |
| 2008-09 | तदैव | 6.72 | 1.52 | 0 | 5.20 |
| 2009-10 | तदैव | 6.61 | 3.28 | 0 | 3.33 |
| 2010-11 | तदैव | 8.06 | 6.29 | 0 | 1.77 |
| 2011-12 | तदैव | 100.05 | 99.12 | 0 | 0.93 |
| 2012-13 | तदैव | 106.67 | 106.54 | 0 | 0.13 |
| 2013-14 | तदैव | 98.72 | 98.72 | 0 | 0.00 |
| 2014-15 | तदैव | 120.06 | 113.11 | 0 | 6.95 |
| 2015-16 | तदैव | 109.73 | 108.20 | 0 | 1.53 |
| 2016-17 | तदैव | 98.34 | 92.19 | 0 | 6.15 |
| 2017-18 | तदैव | 144.90 | 136.85 | 0 | 8.04 |

| वर्ष | योजना का नाम | आवंटन ` | व्यय ` | व्यय अधिक्य (+) | बचत (-) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2007-08 | 2202,02,101,03(75004506) | बजट उपलब्ध नहीं है | | | |
| 2008-09 | तदैव | | | | |
| 2009-10 | तदैव | | | | |
| 2010-11 | तदैव | | | | |
| 2011-12 | तदैव | | | | |
| 2012-13 | तदैव | | | | |
| 2013-14 | तदैव | 2350.00 | 2339.01 | 0 | 10.99 |
| 2014-15 | तदैव | 2615.53 | 2603.07 | 0 | 12.46 |
| 2015-16 | तदैव | 2604.45 | 2569.86 | 0 | 34.59 |
| 2016-17 | तदैव | 2781.84 | 2704.25 | 0 | 77.59 |
| 2017-18 | तदैव | 4004.59 | 3959.19 | 0 | 45.40 |

(ब) केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत हैः

*(₹ लाख मे)*

| वर्ष | योजना का नाम | | प्राप्त ₹ | | | व्यय ₹ | बचत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | OB | INTT | GoI | State | Total | | |
| 2009-10 | | शून्य | | | | | | |
| 2010-11 | | | | | | | | |
| 2011-12 | | | | | | | | |
| 2012-13 | | | | | | | | |
| 2013-14 | | | | | | | | |
| 2014-15 | | | | | | | | |
| 2015-16 | | | | | | | | |
| 2016-17 | | | | | | | | |
| 2017-18 | | | | | | | | |
| योग: | | | | | | | | |

**(स) कार्यक्रम/योजना/परियोजना के क्रियान्वयन मे संलग्न समितियों एवं एन०जी०ओ का विवरण:**

| S.No | Year | Name of Society/ NGO involved | Government expenditure through Society/NGO |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| 1 | 2010-11 | **----शून्य------** | |
| 2 | 2011-12 | | |
| 3 | 2012-13 | | |
| 4 | 2013-14 | | |
| 5 | 2014-15 | | |
| 6 | 2015-16 | | |
| 7 | 2016-17 | | |
| 8 | 2017-18 | | |

(iii) इकाई को बजट आवंटन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। इकाई द्वारा प्राप्त धनराशि को केंद्र एवं राज्य से प्राप्तियों के रूप मे अलग अलग नहीं रखे जा रहे है। गैर स्थापना व्यय को सम्मिलित न करते हुए इकाई "सी" श्रेणी की है।

(विभाग का संगठनात्मक ढांचा **संलग्न**)

**(iv) लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः** लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण उधमसिंह नगर जिला है नमूना लेखापरीक्षा को आच्छादित किया गया। समस्त स्वाधीन आहरण एवं वितरण अधिकारियों के निरीक्षण प्रतिवेदन पृथक-पृथक जारी किये जा रहे है। यह निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक उधमसिंह नगर, उत्तराखंड की लेखापरीक्षा में पाये गये निष्कर्षों पर आधारित है। **माह 10/2017, 08/2014, 08/2016 एवं 06/2015** को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक द्वारा योजनाओ का संचालन किया जाता है योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु धनराशि कार्यदायी संस्थाओं प्रेषित कर दी जाती हैं।

(v) लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के अधीन बनाये गये नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्ते) अधिनियम, 1971 (डी पी सी एक्ट, 1971) लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

**भाग - 2 ब**

**प्रस्तर सं : 1- ₹ 58.39 लाख की समर्पण रिपोर्ट उपलब्ध नहीं होना,** अभिलेखों का रखरखाव सही से नहीं किया जाना तथा लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं किया जाना।

1. कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मध्यमिक के स्थापना अनुभाग के बजट समर्पण से संबन्धित अभिलेखों की जांच मे पाया गया कि वर्ष 2007-08 से 2015-16 तक ₹ 23.80 लाख का समर्पण दर्शाया गया है जिसकी समर्पण रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी।
2. कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मध्यमिक के राज्य सरकार से सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विध्यालयों के बजट आवंटन के सापेक्ष वर्ष 2015-16 मे समर्पण दर्शायी गयी धनराशि ₹ 34.59 लाख की समर्पण रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी तथा वर्ष 2016-17 मे समर्पण दर्शयी गयी धनराशि एवं उपलब्ध करायी गयी समर्पण रिपोर्ट मे ₹ 7.16 लाख की भिन्नता थी।
3. राज्य सरकार से सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विध्यालयों में मौद्रिक लेनदेन की रोकड़ बही नही बनायी थी न ही वर्ष 2013-14 से पूर्व के बजट आवंटन एवं समर्पण सम्बन्धी कोई अभिलेख लेखापरीक्षा को प्रस्तुत किये गये थे।

लेखापरीक्षा द्वारा पूछे जाने पर विभाग ने उत्तर मे बताया कि रोकड़ बही नही बनायी गयी है तथा वर्ष 2013-14 से पूर्व के अभिलेख बेसिक शिक्षा कार्यालय मे बंद हैं अभिलेख एकत्र कर कार्यालय महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित कर दिया जाएगा विभागीय उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय एवं जिला माध्यमिक शिक्षा कार्यालय एक ही परिसर मे है तथा दौनों कार्यालय का प्रभार जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक के ही पास था।

अत: ₹ 58.39 लाख की समर्पण रिपोर्ट उपलब्ध नहीं होना तथा अभिलेखों का रखरखाव उचित तरीके से नहीं किये जाने एवं लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं किये जाने का प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान मे लाया जाता है।

## भाग-III

**विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण:**

| क्रमांक | प्रतिवेदन संख्या | भाग दो अ | भाग दो ब | नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 122/2002-03 | 01 | 1,2,3 एवं 4 | - |
| 2. | 181/2003-04 | 01 | 01 एवं 02 | - |
| 3. | 02/2007-08 | 01 | 01,02,03 एवं 04 | 01 एवं 02 |

**विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः**

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | प्रस्तर संख्या लेखापरीक्षा प्रेक्षण | अनुपालन आख्या | लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| विगत लेखापरीक्षा के अनिस्तारित प्रस्तरों पर कोई कार्यवही नहीं की गयी है सभी प्रस्तर यथावत हैं। | | | | |

## भाग-IV

### इकाई के सर्वोत्तम कार्य

---------------शून्य------------

## भाग-V

**आभार**

1. कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना संबंधी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनांए उपलब्ध कराने हेतु राज्य परियोजना निदेशक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान उत्तराखंड, देहरादून तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है, तथापि

**लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः**

* राज्य सरकार से सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विध्यालयों के 2007-08 से 2012-12 तक की बजट पत्रावली तथा विस्तृत जाँच हेतु चयनित माह की रोकड़ बही, बिल एवं भुगतान वाउचर उपलब्ध नहीं थे।
* स्थापना अनुभाग के वर्ष 2007-08 से वर्ष 2015-16 तक समर्पण दर्शायी गयी धनराशि ₹ 23.80 लाख की समर्पण रिपोर्ट उपब्ध नहीं थी।
* राज्य सरकार से सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विध्यालयों के मद मे वर्ष 2015-16 मे समर्पण दर्शायी गयी धनराशि ₹ 34.59 लाख की समर्पण रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी।

2. **सतत् अनियमितताएः**

-शून्य-

3. **लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया**

| क्रम सं0 | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री दामोदर पंत | जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक | 01-01-2007 से 29.10.2007 |
| 2. | श्री बी. आर. पनेरु | जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक | 30.10.2007 से 04.08.2009 |
| 3. | श्री जे. पी. यादव | जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक | 04.08.2009 से 25.05.2010 |
| 4. | श्री एस. बी. जोशी | जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक | 29.05.2010 से 03.08.2012 |
| 5. | श्री पी. एन. सिंह | जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक | 03.08.2012 से 30.09.2016 |
| 6. | श्रीमति सुभगा आर्या | जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक | 03.09.2016 से 19.5.2016 |
| 7. | श्री पी. एन. सिंह | जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक | 19-05-2017 से वर्तमान तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक उधमसिंह नगर, उत्तराखंड, को इस आशय से प्रेषित कर दी जायेगी कि अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर सीधे उप महालेखाकार सामाजिक क्षेत्र कार्यालय प्रधान महालेखाकर (लेखापरीक्षा) उत्तराखंड, “महालेखाकर भवन” कौलागढ़, देहरादून-248195 को प्रेषित कर दी जांय।

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सा.क्षे.**